# पूर्व प्रधान के बताये आदर्श व सद्‌मार्गों पर चलने का संकल्प लिया

**झुंझुनूं,**(निसं)। झुंझुनूं पंचायत समिति के पूर्व प्रधान व समाजसेवी स्व. बृजलाल सीगडा की 26 वीं पुण्यतिथि रविवार को उनके पैतृक गाँव सीगडा में उनके स्मारक स्थल पर मनाई गई।

भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहन लाल सैनी, पूर्व उपसभापति वीरेंद्र डारा, जीएसएस अध्यक्ष नारायण कुमावत, देरवाला सरपंच राकेश मोडसरा, पार्षद कैलाश कुमावत, राकेश झाझडिया, महासंघ जिलाध्यक्ष पवन आलडिया, भू.प्रबंध विभाग के निरीक्षक सन्नी भाम्बू, पूर्व सरपंच वल्ली मोहम्मद, बाबूलाल सैनी व भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुशीला सीगडा के आतिथ्य में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सीगडा

**■ स्व. बृजलाल सीगडा की 26 वीं पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की**



**पूर्व प्रधान व समाजसेवी स्व. बृजलाल सीगड़ा की पुण्यतिथि पर बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरूष व विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने सीगड़ा की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।**

ग्राम पंचायत के अलावा आसपास के गांवों के बडी संख्या में महिलाएं व पुरूष व विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने सीगडा की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए आदर्शों व सदमार्गो को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

उनके साथी रहे मोटाराम चौधरी ने सीगडा के जीवन पर प्रकाश डाला तथा उनके समाजिक कुरीतिया के विरोध तथा राजनीतिक व समाजसेवा से जुडे संस्मरण सुनाए।

सभा के दौरान सीगडा के ज्येष्ठ पुत्र नरेंद्र सीगडा ने उपस्थित जनसमूह को सद्भाव व भाईचारा बढाने का संकल्प दिलवाया ओर इसी को स्व. सीगडा को सच्ची श्रद्धांजलि बताया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य गोरधन सिंह, उपसरपंच चन्दगीराम, महेन्द्र मोडसरा, गिरधारी खीचड , कजोड सिंह, रिछपाल सिंह तोलियासर, सत्यनारायण मण्डावा, राजेंद्र बराला, सुरेंद्र सैन, किशनलाल, नन्दलाल सिहाग, रणजीत खीचड, भागीरथ झाझडिया, भगवान सिंह पूनियां, रफीक खां, विधाधर तेतरवाल, रामचन्द्र, रघुवीर दडिया, मोहनलाल शर्मा, रामावतार बारी, जितेंद्र मीणा, मांगीलाल भूरिया, रामस्वरूप दडिया, सचिन तेतरवाल, विजय सीगडा, विनोद धूपिया, दीपक मोदी, अनिल ठेकेदार, नवीन जानू, अंकित जाखड, सुमित खेदड, दीपक शर्मा, विकास धूपिया, डाईट प्राचार्य दीपेन्द्र बुडानियां , सरपंच सविता सीगडा, रणबीर मारिगसर, हेमन्त झाझडिया सहित अनेक ग्रामीणजन बडी संख्या में उपस्थित थे। अंत में बृजलाल सीगडा स्मारक संस्थान के सचिव महेश सीगडा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## पट्टा वितरण समारोह का होगा

**सादुलपुर,** (निसं)। नगरपालिका राजगढ द्वारा कुछ दिनों में पट्टा वितरण समारोह का आयोजन किया जायेगा। जिसमें राजगढ नगरपालिका ने 3271 पंजीकरण करवाकर जिले की 10 नगरपालिकाओं में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी सुरेन्द्र मीणा ने बताया कि कुछ दिनों में पट्टा वितरण समारोह का आयोजन किया जाना है, जिन्होंने भी अपनी पत्रावलियां नगरपालिका कार्यालय राजगढ में पट्टे हेतु जमा करवाई हैं, उनको नियमानुसार शत-प्रतिशत पट्टा वितरण किया जाना है। ईओ मीणा ने बताया कि वितरण किये जाने वाले उक्त सभी पट्टे नगरपालिका द्वारा नि:शुल्क वितरित किये जाने है तथा पट्टे की एवज में यदि किसी भी पालिका कार्मिक या अन्य किसी बाहरी व्यक्ति को पैसे दिये हैं तो वो अपनी राशि वापस ले लेंवे। उन्होंने बताया कि सादुलपुर विधायक एवं राजस्थान क्रीडा परिषद अध्यक्ष पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनियां एवं नगरपालिका अध्यक्ष रजिया गहलोत के निर्देशानुसार आमजन को पट्टे त्वरित गति से एवं नि:शुल्क वितरित किये जायेंगे। ईओ मीणा ने साथ ही चेतावनी दी है कि यदि किसी भी व्यक्ति को पट्टे संबन्धित किसी भी प्रकार की राशि नहीं देनी है और यदि कोई ऐसी माँग करता है तो वे ईओ राजगढ को अवगत करवायें, ताकि उक्त पर नियमानुसार प्राथमिकी दर्ज करवाकर कार्यवाही की जा सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान में नगरपालिका राजगढ (चूरू) ने पट्टे बनाने के लिए 3271 पंजीकरण करवाकर जिले की 10 नगरपालिकाओं में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

# सभापति पायल सैनी ने सीसी सड़क का अवलोकन किया



**सभापति पायल सैनी ने रविवार को वार्ड 58 में निर्माणाधीन सीसी सड़क का अवलोकन किया।**

**चूरू,** (कासं)। सभापति पायल सैनी ने रविवार को वार्ड 58 में निर्माणाधीन सीसी सड़क का अवलोकन किया। सभापति पायल सैनी ने कहा कि शहर में मुख्यमंत्री बजट घोषणा व नगर परिषद द्वारा वार्डों में सीसी सड़क का निर्माण करवाया जा रहा है।

चूरू चैपाटी के पास से 1 करोड़ 10 लाख की लागत से इस वार्ड में सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। पायल सैनी ने कहा कि 8 लाख की लागत से बन रही इस सड़क के निर्माण से वार्डवासियों को एक नई सौगात मिली है। इस अवसर पर एडवोकेट आनन्द बालान का कांग्रेस नेता रियाजत खान ने स्वागत किया। वार्ड के अतिरिक्त एसपी इसमाईल खान, सकिल दोरानी, नियात खान, सुरेश प्रजापत, अब्दुल मनान व शोकत खान ने सभापति का स्वागत किया। वार्ड 58 के पार्षद खालिद ने सभी का आभार प्रकट किया। निरीक्षण के दौरान पार्षद गोकुल शर्मा, अनिस खान, संजय भाटी, आबिद खां, चन्द्रप्रकाश शर्मा आदि उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### डेरा प्रमुख के पैरोल पर जताई खुशी

**सादुलपुर,** (निसं)। डेरा प्रमुख डॉ. गुरमीत राम रहीम इन्सां के पैरोल पर रिहाई को लेकर आमजन एवं प्रबुद्ध जनों ने खुशी जताकर न्याय पालिका एवं सरकार का आभार जताया है। राजेन्द्र बिश्नोई, प्रीतम शर्मा एडवोकेट, प्रदीप गोदारा पहाड़सर, उदयभान, सम्पत, प्रभूराम, सुरजभान, राजू, दीपक भार्गव आदि लोगों ने बताया कि गुरुजी के पैरोल पर जहाँ जनकल्याण कारी, धार्मिक एवं डेरा सच्चा सौदा के द्वारा चलाये जा रहे मानवता भलाई कार्यो में गति आयेगी, वहीं गुरू जी के बतलाए हुए मार्ग पर चलकर युवाओं में रचनात्मक कार्यों के प्रति प्रेरणा मिलेगी तथा उनकी हजूरी में साध-संगत द्वारा किये जा रहे मानवता भलाई के कार्यो के ओर अधिक तीव्र गति मिलेगी। गौरतलब है कि डॉ. संत गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां को 56 दिनों के बाद फिर से 40 दिन की पैरोल मिली है तथा वे बरनावा आश्रम यूपी मुं पहुँच चूके हैं, एवं 25 जनवरी को उनके गुरू शाह सतनाम सिंह जी महाराज के जन्म दिवस पर डेरा सच्चा सौदा सिरसा के भव्य कार्यक्रम का आयोजन होना प्रस्तावित है एवं इसी आयोजन में शामिल होने के लिए उन्होंने पैरोल मांगी है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु प्री-काउंसलिंग का आयोजन

**सादुलपुर,** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू के निर्देशानुसार 22 जनवरी 2023 को पंचायत समिति राजगढ में राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु प्रि-काउंसलिंग का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्व मामलों सहित डिविजन ऑफ हॉल्डिंग, रास्ता विवाद आदि में प्रि-काउंसलिंग के जरिये समझाईस से निपटारा का प्रयास किया गया। इस अवसर पर मेगा चेतना शिविर, जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता दीपक पाराशर एडीजे-1 राजगढ ने की। उन्होंने उपस्थितजनों को राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पक्षकारान आपसी समझाईस से राजीनामा विवादों का निपटारा कर सस्ता एवं सुलभ न्याय पा सकते हैं। इस अवसर पर दीपक पाराशर एडीजे-1, अमरजीत सिंह बाबल बीडीओ, आनन्द कुमार, पीएलवी रिशाल देवी व रेखा स्वामी सहित स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

### बालाजी मन्दिर में राम दरबार की स्थापना

**सीकर** (निसं)। चन्दपुरा रोड़ स्थित विनायक वाटिका आवासीय कॉलोनी में बालाजी मन्दिर में राम दरबार की स्थापना की गई। विनायक वाटिका विकास समिति के मीडिया प्रभारी मुकेश सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि कॉलोनी निवासी शिवराज सिंह से सौजन्य से शनिवार को प्रात: 9 बजे रविवार को प्रात: 9 बजे तक अखण्ड रामायण पाठ किया गया एवं इसके पश्चात राम दरबार की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करके मन्दिर में विराजमान कर हवन किया गया तथा प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक रिछपाल सिंह कविया, अध्यक्ष सुभाष चन्द्र, सचिव मुकेश शर्मा, उपाध्यक्ष कन्हैया लाल जांगिड़, रणजीत सिंह, पूर्व तहसीलदार रामपाल, महावीर प्रसाद, मूल चन्द, सोहन लाल, शिवभगवान सिंह, डॉ. प्रदीप, गोविन्द, अजित सिंह, अरविन्द, ओमेन्द्र सहित काफी संख्या में महिलाऐं, बच्चें एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### श्रमिक यूनियन (सीटू) की बैठक आयोजित

**सादुलपुर,** (निसं)। चूरू जिला भवन एवं संनिर्माण श्रमिक यूनियन (सीटू) जिला कमेटी की बैठक कॉमरेड दीपाराम की अध्यक्षता में सीपीआईएम पार्टी कार्यालय राजगढ में सम्पन्न हुई। जिसमें दीपाराम, हरिराम टांडी, रामसिंह, संतकुमार, सोहनराम, सुमन मंत्री, सुमित्रा, सिलोचना, विमला, मनीराम आदि ने बैठक में भाग लेते हुए 2 फरवरी को भवन निर्माण मजदूरों की माँगों को लेकर श्रम कार्यालय जयपुर में विशाल प्रदर्शन करने का निर्णय लेते हुए आमसभा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने का निर्णय लिया गया। साथ ही यूनियन की सदस्यता बढाने के लिए गाँव-गाँव जाने का निर्णलय लिया गया तथा श्रमिकों को शुभ शक्ति व छात्रवृति लाभ तुरन्त देने की माँग की गई। जिसके लिए श्रम कार्यालय चूरू पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।

### शोयल खान डीके ने गांवों का दौरा किया

**चूरू,** (कासं)। भारतीय युवा कांग्रेस के संगठन चुनाव में चूरू विधानसभा क्षेत्र से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार शोयल खान डीके ने चूरू विधानसभा क्षेत्र के 2 दर्जन से अधिक गांवों का द्वौरा किया। शोयल खान डीके ने युवाओं से आगामी 28 जनवरी से लेकर 27 फरवरी तक चूरू विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष पद पर शोयल खान डीके के पक्ष में अधिक से अधिक मत एवं समर्थन के साथ विजय बनाने की अपील की। आगामी 28 जनवरी से लेकर 27 फरवरी तक 18 से 35 आयु वर्ग के युवा प्ले स्टोर पर विथ आईवाईसी ऐप डाउनलोड करके भारतीय युवा कांग्रेस के सदस्य बनकर अपने मताधिकार का उपयोग कर सकते हैं।

### शकील काजी का हज कमेटी सदस्य बनने पर अभिनंदन किया

**चूरू,** (कासं)। चूरू निवासी व मुंबई प्रवासी मोहम्मद शकील काजी को महाराष्ट्र सरकार द्वारा हज कमेटी का सदस्य मनोनीत करने के बाद चूरू आगमन पर काजी का नागरिक अभिनंदन किया गया। इंजीनियर सुरेश शर्मा ने बताया कि यह सौभाग्य है कि चूरू के युवा एवं ईमानदार व्यक्ति की यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। जिसके लिए आज चूरू के नागरिकों ने उनका गर्मजोशी से माला पहनाकर नागरिक अभिनंदन किया। इस अवसर पर पुरुषोत्तम वर्मा, हिदायत खां, जाकिर झूंझूंनुवाला, मोहम्मद हशमत काजी आदि उपस्थित थे।

## झुंझुनूं के एमडी चोपदार नेशनल को-ऑर्डिनेटर बने

**झुंझुनूं,**(निसं)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग ने आगामी विधानसभा चुनावों में अल्पसंख्यक वर्ग को एकजुट रखने तथा कांग्रेस को सशक्त बनाने के उद्देश्य से लीडरशिप डेवेलपमेंट मिशन के तहत एमडी चौपदार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग का नेशनल को.ऑर्डिनेटर नियुक्त कर राजस्थान प्रदेश कि जिम्मेदारी सौंपते हुए राजस्थान प्रभारी बनाया है। चौपदार ने बताया की वे 23 वर्षों से कांग्रेस पार्टी के निष्ठावान सिपाही रहते हुए कांग्रेस में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं देकर संगठन को मजबूती देने में अहम भूमिका निभा रहे है।



एमडी चौपदार

वहीं वर्तमान में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल के सचिव तथा झुंझुनूं जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष के पद पर आसीन है। चोपदार को यह नियुक्ति राज्यसभा सांसद अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढी द्वारा 21 जनवरी को जारी राजस्थान सहित 17 राज्यों के प्रभारियों की पहली सूची में मिली हैं।

अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश प्रभारी बनाए जाने पर प्रसन्नता जताते हुए हुए एमडी चोपदार ने कहा कि वर्षों से कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पित रहा हूं और जब -जब पार्टी ने उन्हे जम्मेदारी दी है उसको लेकर वे तन मन धन से पार्टी के लिए काम किया है और करते रहेंगे।

कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा दी गई जिम्मेदारी पर एमडी चौपदार का कहना है कि वह पूरे जोश खरोश के साथ कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने के लिए पूरे राजस्थान भर में अल्पसंख्यक को एकजुट करने के साथ ही आमजन को भी कांग्रेस से जोडने का दायित्व निभाएंगे।

राजस्थान प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी चौपदार को मिलने की सूचना जैसे ही झुंझुनूं सहित प्रदेश भर में जनता को मिली तो लोगों ने सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मो एवं दूरभाष के माध्यम से चौपदार को बधाइयां प्रेषित करने का तांता लग गया।

झुंझुनूं जिला मुख्यालय पर आमजन ने एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर खुशी का इजहार किया वहीं अनेक समाजसेवी संगठनों से जुडे लोगों एवं जनप्रतिनिधियों ने चौपदार को बधाई दी। इस अवसर पर ताराचंद सैनी, रियाज फारूकी, लतीफ निजामपुरा, संजय पारीक, बाबू भाई अली हसन, महमूद खान नूआ, इमरान राईन मंडेलिया, इस्तियाक कुरैशी, इरशाद फारूकी, सलीम गहलोत, इदरीश रहमानी, यूनुस रंगरेज, सरफराज खान, इरफान खान, विजेंद्र चौधरी, संजय योगी, हनुमान जांगिड, बबलू चोपदार, अकरम चोपदार, मनोज दीवान, मुकेश हालु, अजय हालु, प्रवीण शर्मा इमरान सहित अन्य लोगों ने एमडी चौपादार को बधाइयां दी।

# शादी की वर्षगांठ पर दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल व गर्म वस्त्र वितरित किए

**चूरू,** (कासं)। स्थानीय वार्ड नं. 8 स्थित मदीना मस्जिद के पास रॉयल विकलांग विकास संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अख्तर खान रूकनखानी की शादी की 20वीं वर्षगांठ पर रविवार को दिव्यांगों को ट्राई साइकिल व गर्म वस्त्र वितरित किए गए।

यहां अख्तर खान ने बताया कि हर वर्ष शादी की वर्षगांठ पर जरूरतमंदों को व्हील चेयर, बैसाखी, सीपीचेयर, कम्बल, गर्म वस्त्र व खाद्य सामग्री वितरित करने सहित सेवा के कार्य करते हैं। इससे पूर्व खान ने आपणी पाठशाला में जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री व फल वितरित भी किया।

कार्यक्रम में दीपक शर्मा, इदरीस खान दिलावर खानी, असलम खान, तारानगर तहसील अध्यक्ष शीतल चौधरी, राजगढ़ तहसील अध्यक्ष पूनम चन्द नायक, डॉ. युनस खान रुकनखानी, युसुफ खान रुकनखानी, रसूल खान रुकनखानी, सलमान खान, मुबारिक खान, कालू मोहम्मद, हारून जर्रा, धर्मवीर जाखड़, अली हसन गौरी,



**मदीना मस्जिद के पास रॉयल विकलांग विकास संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अख्तर खान रूकनखानी की शादी की 20वीं वर्षगांठ पर दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरित की।**

रमजान खान रुकनखानी, अरमान खान, जिया खान, आरुशाह खान, जैनब खान, ओम प्रकाश, फरमान खान, फारुक राजगढ़िया, परवीन बानो, खतीजा बानो, रोशन बानो, आयशा खान, जूनैरा माहिर आदि उपस्थित थे।

## निर्मल कालेर सम्मानित

**झुंझुनूं,**(निसं)। झुंझुनूं के प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक निर्मल कालेर को शिक्षा के क्षेत्र में अनेक नवाचारों एवं योगदान के लिए आयोजित भव्य समारोह में राज्य स्तरीय एज्यू आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया। स्कूल के एकेडमिक डायरेक्टर समीर शर्मा ने बताया कि कालेर को आधुनिक एवं पारम्परिक शिक्षा एवं जीवन मूल्यों को नवीन शिक्षा पद्धति में समावेश करने, समय के साथ बच्चों के लिए आवश्यक आधुनिक शिक्षण के तरीकों को अपनाने सहित अनेक प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। कालेर को अतिथियों ने यह अवार्ड प्रदान किया। शर्मा ने बताया कि ग्लोबल स्कूल लीडर्स कन्सोर्टियम द्वारा आयोजित समारोह में प्रदेश भर से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले शिक्षाविदों को शामिल किया गया जिसमें निर्मल कालेर को इस अवार्ड के लिए चुना गया जो हम सभी के लिए गौरव की बात है।

## श्रीमद्‌ भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन आज से

**झुंझुनूं,**(निसं)। लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट की ओर से मंदिर के 32वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 23 से 3० जनवरी तक मंदिर परिसर के सामने श्री चौथमल गोयनका नोहरा में किया जा रहा है।

श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में व्यास पीठ पर विश्वविख्यात श्रद्धेय बाल व्यास श्रीकांत शर्मा के कोकिल कंठ से मधुर संगीतमय कीर्तन तथा सरल हिंदी भाषा में रोचक एवं ज्ञान राग दृष्टांत सहित भागवत प्रवचन होंगे। कथा का समय दोपहर एक से पांच बजे तक का रखा गया है। भागवत कथा में व्यासपीठ से कथा का वर्णन श्रीकांत महाराज व्यास पीठ से अपनी मधुर वाणी से करेंगे। 23 जनवरी से प्रारंभ कथा में 29 जनवरी रविवार सुदामा चरित्र कथा एवं फूलों की होली के साथ कथा को विश्राम दिया जाएगा। 3० जनवरी सोमवार मंगलपाठ वाचक राकेश जी बावलिया द्वारा श्री राणी सती दादी जी का मंगल पाठ एवं भजन कीर्तन कार्यक्रम होंगे। गुरूवार 26 जनवरी 2०23 को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर भंडारा महाप्रसाद का आयोजन भी किया जाएगा। कथा की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कथा स्थल को सुंदर वाटर प्रूफ टेंट बनाकर सजाया जा रहा है। कथा श्रवण के लिए महिलाओं एवं पुरूषों की बैठने के लिए अलग-अलग व्यवस्था की जा रही है। कथा को सफल बनाने के लिए लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी इंद्र कुमार मोदी देहली, कृपाशंकर मोदी मुंबई, सुरेश पंसारी, परमेश्वर हलवाई झुंझुनूं, ओमप्रकाश तुलस्यान चैन्नई, राजकुमार अग्रवाल एवं राधेश्याम ढंढारिया जयपुर, जालान परिवार के विजय कुमार जालान, रमाकांत जालान, प्रदीप कुमार जालान, देवेंद्र कुमार जालान, अरुण कुमार जालान, नितिन जालान, मंदिर ट्रस्ट कार्यकारिणी सदस्य नरेश अग्रवाल, प्रमोद खंडेलिया, डॉ.डीएन तुलस्यान, श्रीकांत पंसारी, रूपेश तुलस्यान, नितिन नारनौली, राजकुमार सोनी, डॉ. एसएन शुक्ला, अमित जगनानी, अनूप गाडिया, निर्मल मोदी, अनिल गुप्ता भोडकीवाला, सुरेश तुलस्यान सहित अन्यजन प्रयासरत है।

### शैक्षणिक भ्रमण किया

**झुंझुनूं,**(निसं)। एन एस एस प्रभारी डॉ. नीतू सिंह ने बताया कि रामादेवी महिला महाविद्यालय की एनएसएस इकाई एक, दो के तहत छात्राओं ने एक दिवसीय कैंप के दौरान शाकंभरी शक्तिपीठ और लोहार्गल तीर्थ स्थल का दर्शन किया । प्राचार्या डॉ. आशा मिश्रा ने हरी झंडी दिखा कर छात्राओं के दल को रवाना किया और सफल भ्रमण के लिए शुभकामनाएं दीं। धार्मिक सौहार्द के साथ सभी हिंदू मुस्लिम छात्राओं ने मिलकर दोनों तीर्थों का आनंद लिया।


**राजस्थान सरकार**
**विचार्य विषयों के निर्धारण के लिए रेस्पोडेन्ट के नाम सम्मन बनाम रेस्पाडेन्ट**
(ओ. 41 रूल 1 जाब्ता दीवानी)
**अज अदालत- अपर जिला न्यायाधीश महोदय, मुकाम-फतेहपुर शेखावाटी, जिला सीकर**
**अपीलान्ट- श्रीराम आदि बनाम रेस्पाडेन्ट - नरेन्द्र आदि**
दावा बाबत- **निरस्त करवाने बैनमा**
अपील नम्बर -041 सन 2021
**अपील व नाराजगी निर्णय अदालत- सिविल न्यायाधीश, फतेहपुर शेखावाटी**
मक्खे- 12 माह - 1 सन - 21
मुसम्मी- सुशीला देवी वल्द स्व. भींवराज, पत्नी बसंत कुमार कौम औझा साकिन मारौठ जिला नागौर (राजस्थान) तहसील नागौर रेस्पाडेन्ट संख्या 3 जरिये हाज इतला दी जाती है कि श्रीराम आदि ने इस मुकदमें में अपील पेश की है, जो इस अदालत में दर्ज रजिस्टर की है गई और..............वार तारीख 24 माह 01 सन 2023 की पेशी इस अदालत ने अपील की सुनवाई के लिए मुकर्रर की है।
अगर तुम्हारी तरफ से तुम खुद तुम्हारा वकील या और कोई शख्स जो कानून व इस अपील में तुम्हारी तरफ से पैरवी कर सकता हो हाजिर नहीं हुआ, तो अपील तुम्हारी अदम मौजूदगी में सुनी व फैसला की जावेगी।
मेरे दस्तखत व मोहर अदालत के आज व तारीख 21.01.2023
**आज्ञा से**
**सीनियर रीडर**
**अपर जिला न्यायाधीश**
**फतेहपुर, शेखावाटी (सीकर)**


# 'हाथ से हाथ जोड़ो अभियान' को गंभीरता से लें : बृजेन्द्र ओला

**चूरू,** (कासं)। चूरू जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला प्रभारी मंत्री बृजेन्द्र सिंह ओला की अध्यक्षता में 'हाथ से हाथ जोड़ो अभियान' की रुपरेखा के लिए बैठक आयोजित की गयी। जिला प्रभारी मंत्री बृजेन्द्र ओला ने कहा कि पार्टी एकजुट है, इस अभियान को गंभीरता से लें। पार्टी कार्यकर्त्ता आमजन से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनें और अवगत करवाएं।

उन्होंने कहा कि अभियान कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गाँधी का अभियान है, हम सभी उनके तत्वावधान में इस कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। राहुल गाँधी ने 'भारत जोड़ो यात्रा' की सफलता से यह दिखाया है कि हौसलें बुलंद हो तो कोई भी जंग जीती जा सकती है। अब इसी सोच के साथ हम 'हाथ से हाथ जोड़ो अभियान' को सफल बनाकर पार्टी की एकजुटता के लिए काम करेंगे।

अभियान के जिला प्रभारी सुरेंद्र दादरी ने अभियान की रुपरेखा की जानकारी देते हुए कहा कि जिले के प्रत्येक ब्लॉक में जनता को राज्य सरकार की उपलब्धियों, फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति और गत 4 वर्षों में किये गए कार्यों की जानकारी देंगे। अभियान में घर-घर जाकर और प्रत्येक बूथ तक पहुंचकर आम जनता से संपर्क कर अभियान को सफल बनाएंगे।



**चूरू जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला प्रभारी मंत्री बृजेन्द्र सिंह ओला की अध्यक्षता में 'हाथ से हाथ जोड़ो अभियान' की रुपरेखा के लिए बैठक आयोजित की गयी।**

बैठक में कार्यक्रम संयोजक एवं चूरू जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष भंवरलाल पुजारी व जिला संगठन प्रभारी राजेंद्र मूंड ने कहा कि प्रत्येक गांव, ब्लॉक में तत्परता के साथ हम सभी को एकजुट होकर काम करना है। इस दौरान चूरू नगरपरिषद के पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया, तारानगर प्रधान संजय कस्वां, सरदारशहर नगरपालिका अध्यक्ष शुभकरण चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जमील चौहान, सुजानगढ़ सभापति प्रतिनिधि इदरीश गौरी, कल्याण सिंह, रमेश इन्दोरिया, गिरधारीलाल बांगड़वा, ईशरराम डूडी, रियाजत अली खान, राधेश्याम चोटिया, निर्मला सिंघल, सीताराम प्रजापत, पवन सैनी, करतार सिंह, रमजान खान, अबरार खान, रामनिवास सहारण, विकास मील, हेमंत सिहाग, आरिफ पीथीसर, जंगशेर खान, पार्षद दीपिका सोनी, सुनीता बाकोलिया, ज्योति सिंह, इक़बाल खान, शेरखान, सलीम मिस्त्री, संजय दीक्षित, महावीर नेहरा, कालूराम महर्षि, जयचंद मेघवाल सहित अन्य ने जिला प्रभारी मंत्री बृजेन्द्र सिंह ओला और सुरेंद्र दादरी का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन कल्याण सिंह ने किया।